## खबर संक्षेप

### स्नेह सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह आज होगा

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में स्नेह सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्राचार्य रतिराम अहिरवार ने बताया कि मंगलवार को साढ़े 11बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं सहित गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में सहभागी बनने आमंत्रित किया है।

### सोमवार प्रातः जिले में 2 .1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कटनी।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून 2023 से 4 मार्च 2024 की प्रातः तक की अवधि तक कुल 1101.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 955.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 145.7 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सोमवार 4 मार्च की अवधि में वर्षा मापी केंद्र कटनी में 2.4 मिलीमीटर, रीठी में 2.0 मिलीमीटर, बड़वारा में 0.0 मिलीमीटर, बरही में 3.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 9.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 0.0 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 0.0 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत लिए गए नमूने

**कटनी।** राज्य शासन ने प्रदेश में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कटनी जिले में भी कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावटखोरों के खिलाफ संयुक्त टीमें जांच कर रही हैं और अमानक सामग्री पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा सोमवार को मैहर रोड कटनी स्थित वेसाइड रेस्टोरेंट के किचन एवं स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस की शर्तो के तहत वाटर टेस्टिंग ,फूड टेस्टिंग रिपोर्ट ,कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस ,पेस्ट कंट्रोल रिकार्ड का मुआयना किया गया। रेस्टोरेंट में उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता जांच हेतु पनीर, चावल, दाल, आटा, तेल, सौंफ, गुड के नमूने लिए जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे की कार्यवाही की गई। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जायेगी।

### लोगों ने मॉकपोल कर जानी मतदान की प्रक्रिया



**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन -2024 के मद्देनजर सोमवार को जिले के शासकीय कार्यालयों कार्यालयों, कलेक्टर कार्यालय सहित अनुविभगीय अधिकारी कार्यालय विगढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेडा में ईवीएम व वीवीपेट मशीन का प्रदर्शन किया कया गया। इस दौरान 361 नागरिकों नें ईवीएम की प्रक्रिया को समझकर अपनी-अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। मंगलवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी में 140 नागरिकों नें मॉकपोल किया। इसी तरह एस.डी.एम कार्यालय विगढ़ में 72, एस.डी.एम कार्यालय बहोरीबंद में 97 तथा एस.डी.एम कार्यालय ढीमरखेड़ा में 52 लोगों नें मॉकपोल कर ईवीएम के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागिता निभानें की बात कही।

### शासन को लगाई जा रही राजस्व चपत, कार्यवाही नहीं होने से चल रही मनमानी

# टैक्स माफी वाले ट्रैक्टरों का किया जा रहा बेरोकटोक व्यावसायिक उपयोग

नियम, प्रावधानो की सख्ती के बावजूद कृषि कार्य के लिये पंजीकृत ट्रैक्टरों का जिले भर में खुल्लमखुल्ला व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। ट्रैक्टर मालिक शासन को तगड़ी राजस्व चपत लगाते हुये तगड़ी कमाई कर रहे है। आलम यह है कि मोटी कमाई के फेर में ट्रैक्टर मालिकों को नियमों की परवाह नहीं है जिन्हे कभी कभार पकड़े जाने पर दो पांच हजार का जुर्माना भी मामूली समझ आता है। बेजा कमाई का पर्याय बनते जा रहे टैक्करो पर अकुंश न लगने से ग्रामीण क्षेत्र का वातावरण भी अराजक हो चला है। ट्रैक्टर मालिक या चालक रेगुलर श्रमिको को साथ लेकर संगठित गिरोह की शक्ल में तब्दील हो रहे है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उल्लेखनीय है कि खेती की आड़ में खनन के खेल में ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन से तो कृषि कार्य के लिये कराया गया है लेकिन अधिकांश ट्रैक्टर से रेत, भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है। नदी घाटो से ट्रैक्टरों के माध्यम से ही रेत डंप कर लाई जा रही है। रेत का परिवहन करने में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग का खुलासा भी हो चुका है। चौतरफा ट्रैक्टरों के दुरूपयोग की खबरें होने के बावजूद कार्यवाही नही की जा रही है।

ट्रैक्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कमर्षियल उपयोग के लिये नही कराने पर ट्रैक्टर मालिको को टैक्स भी नही देना पड़ रहा है। बिना कर्मिषयल के परमिट के ही ट्रैक्टर का कमर्षियल उपयोग किया जा रहा है। परिवहन कार्यालय में 10 से 20 फीसदी रजिस्ट्रेशन ही व्यवसायिक उपयोग के लिये कराया गया है जबकि 90 फीसद ट्रैक्टर कृषि उपयोग के लिये कराया गया है। कृषि के लिये ट्रैक्टर का उपयोग कराया गया है। कृषि के बाद अधिकांश ट्रैक्टर का उपयोग गैर कृषि कार्य के लिये किया जा रहा है।

ट्रैक्टरों का पंजीयन भले ही खेती कार्य के लिये कराया गया है लेकिन उपयोग कृषि कार्य में ट्रैक्टर चालको द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रेत का परिवहन किया जाता है। ट्रको के माध्यम से आने वाली रेत का ट्रैक्टरों के माध्यम से शहर में परिवहन किया जाता है। ग्रामीण अंचलो में तो अधिकांश रेत खदानों से रेत का परिवहन ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जाता है। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन कृषि कार्य के लिये कराये जाने के बाद उनका व्यावसायिक उपयोग किया जाता है। ईंट, भटठो से ईंट परिहवन, रेत परिवहन सहित अन्य सामग्रियों का परिवहन भी ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जाता है। लेकिन परिहवन अधिकारियों द्वारा नही की जा रही है। जिसके कारण ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग लगातार जारी है।




## संयुक्त ऑपरेशन से अपहर्ता की दस्तयबी कर किया गया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के कुशल निर्देशन में डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के द्वारा थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र के अपहर्ता बालक बालिकाओं की दस्तयबी हेतु हर संभव प्रयास किया जाए। जिसके तहत थाना प्रभारी द्वारा टीम बनाई गई थी टीम में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी विजेंद्र तिवारी, रमाकांत दुबे प्रधान आर राम पाठक भोला को लगाया गया था जो थाना रीठी के अपराध क्रमांक 426 / 23 धारा 363 की अपहर्ता परिवर्तित नाम सुहानी नट दिनांक 17.10.23 को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। जिस के पिता कैला की रिपोर्ट पर नाबालिक लडकी की पताजासी हेतु टीम गठित की गई थी।

अपहर्ता की पता तलाश कर रही थी जो दिनांक 3 मार्च 24 को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहर्ता जबलपुर आ रही है मुखबिर की सूचना से अपहर्ता की दस्तबी हेतु विजेंद्र तिवारी, रमाकांत दुबे को थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा द्वारा परिजनों के साथ जबलपुर तत्काल रवाना किया गया था जो जबलपुर जिले के माडोताल पुलिस तथा कटनी जिले के हरदुआ सहायता केंद थाना रीठी के संयुक्त ऑपरेशन से उक्त अपहरर्ता की दस्तयाबी की गई है अपने बिटिया को पाकर नट परिवार खुश हुआ है तथा कटनी पुलिस को धन्यवाद दिया है वही दस्तावेज टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद परिसर देने की घोषणा की गई है।

### एमपीजेएपी ऐप पर गतिविधि अपलोड करने दी जानकारी

## मासिक कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना को लेकर बैठक में हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मप्र जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं की क्रमवार समीक्षा की। उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के अलावा आगामी दिनों आयोजित की जाने वाली कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई।एमपीजेएपी ऐप्प पर गतिविधि अपलोड करने की जानकारी दी।इसके बाद समिति सदस्यों को ढीमरखेड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भ्रमण कराया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। वहीं शासकीय नर्सरी का भ्रमण भी कराया गया। जहा पर अधिकारियों ने संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी कृषि उपकरण और योजनाओं संबंधी जानकारी दी।वालेंटियर नीरज ज्योतिषी के द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर जानकारी दिया।

जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने भी प्रस्फुटन समिति सदस्यों और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों से उनके कार्यों को लेकर चर्चा किया। इस मौके पर लेखापाल रवि श्रीवास्तव, सेक्टर प्रभारी, अंकित झारिया, प्रकाशनाथ साहू, कोदुलाल हल्दकार,विकास हल्दकार, सतेन्द्र सिंह राजपूत, परामर्शदाता शैलेश दुबे, सुरेश दुबे, सुमित सिंह ठाकुर सहित प्रस्फुटन समिति सदस्यो की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने माध्यमिक स्कूल का किया निरीक्षण




विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम पंचायत सिरौंजा गड़रिया के ग्राम सिमरियासानी स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। दरअसल ओलावृष्टि और बैमोसम बारिश से हुई फसल क्षति का जायजा लेकर वापस लौट रहे कलेक्टर श्री प्रसाद को स्कूल के बाहर बच्चे पक्तिबद्ध हो प्रार्थना करते दिखे। बस फिर क्या था कलेक्टर श्री प्रसाद ने भी छात्रों के बीच प्रार्थना सभा मे खेडे होकर हाथ जोड़कर छात्रों के साथ प्रार्थना की। जिले के अन्य स्कूलों को इस स्कूल से सीख लेना चाहिए की कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर कार्य किया जा सकता है। यहॉ शिक्षा के साथ– साथ संस्कारों की पाठशाला लगती है।




## शासकीय भूमि पर बने दो मकानों में चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

उमरियापान थाना क्षेत्र के मुरवारी में 132 केवी के विधुत पावर ट्रांसमिशन की शासकीय भूमि पर किये गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटवाया हैं। हासिल जानकारी के मुताबिक मुरवारी स्थित विधुत पॉवर ट्रांसमिशन की शासकीय भूमि पर दनुज पिता विशालीराम बर्मन और राकेश पिता नेकलाल काछी के द्वारा कच्चा मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था।

सोमवार को ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंहमारे, तहसीलदार अजय कुमार मिश्रा, उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय राजस्व और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे।दोंनो कच्चे मकानों पर जेसीबी मशीन चलवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया हैं। इस मौके पर सिलौंडी नायब तहसीलदार दिनेश असाटी,आरआई मोहनलाल साहू, पटवारी देवलाल पटेल,सचिव बसरुलहक मंसूरी सहित राजस्व व पुलिस अमला मौजूद रहा।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक में स्वीकृति

## 10 अमृत स्कूलों मे 1 करोड़ की लागत से होगा डिजिटल अधोसंरचना विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो सांसद बी.डी.शर्मा की अनुसंशा पर जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से जिले में 10 विद्यालयों का विकास अमृत विद्यालयों के रूप में किया जायेगा। इन विद्यालयों मे डिजिटल और अधोसंरचनात्मक विकास किये जायेगे। इसके लिए प्रति विद्यालय के मान से 10 विद्यालयों के लिए 1 करोड रूपये स्वीकृत किये गए है।

डिजिटल विकास कार्य होने से विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे कम्प्यूटर, लैपटॉप ,प्रिंटर, वाटर कूलर, इन्वर्टर, सोलर पैनल, स्मार्ट टी.व्ही, डिजिटल बोड, साउंड सिस्टम, ओव्हर हैड प्रोजेक्टर, वाईट ग्रीन बोर्ड सहित आवश्कतानुसार फर्नीचर एवं स्पोर्टस सामग्री से सुसज्जित होगें। तथा इन विद्यालयों में अत्याधुनिक तकनीक से शिक्षा प्रदान की जायेगी।

### 10 लाख रूपए के मान से विकास कार्य को स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2022 के आयोजित खनिज प्रतिष्ठान मद की न्यास मंडल की बैठक में खजुराहो सांसद बी.डी शर्मा द्वारा जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक 10 विद्यालयों में डिजिटल अधोसंरचना विकास कार्य कराना प्रस्तावित किया था । जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की 24 मार्च 2023 को आयोजित चौथी बैठक में शिक्षा मद अंतर्गत जिले के विकासखण्डों में 10 अमृत विद्यालयों मे डिजिटल अधोसंरचा विकास हेतु विभाग व कार्यपालिका समिति द्वारा चयन हेतु प्रस्तावित विद्यालयों पर चर्चा उपरांत न्यास मंडल में अनुमोदन किया गया था। तथा 28 फरवरी 2024 को आयोजित न्यास मंडल की बैठक में 10 विद्यालयों में प्रति विधालय 10 लाख रूपये के मान से डिजीटल अधोसंचना विकास कार्य करानें हेतु कुल 1 करोड़ रूपये की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है।

### इन 10 अमृत विद्यालयों का होगा विकास

जिले के जिन जिन 10 अमृत विद्यालयों में डिजीटल अधोसंरचना विकार्य कराया जाना है उनमें विकासखण्ड कटनी का शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां कटनी एवं शासकीय मध्यमिक शाला पिपरौंध शामिल है। इसी तरह विकासखण्ड रीठी के शासकीय माध्यमिक शाला देवगांव, तथा शासकीय ईपीईस बडखेरा स्कूल का डिजिटल अधोसंचना विकास कार्य कराया जाना शामिल है। जबकि विकासखण्ड बहोरीबंद के शासकीय ईपीईएस कूडन, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा मे शासकीय ईपीईएस परसेल एवं मेहनेर, गौरा सम्मिलित है। जबकि विकासखण्ड बड़वारा के शासकीय ईपीईएस चांदन एवं बरछेका सहित ईपीईएस शासकीय माध्यमिक शाला सिमरियासानी का नाम शामिल है।

### शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से देखे जा सकते हैं ऐसे वाहन

## राहगीरों को बीमार कर रहे काला धुंआ छोड़ते वाहन, जांच की नही फुर्सत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की सड़के काले धुंए से नहा रही है। वाहनों में मानको का पालन न कर चालक लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। चाहे ट्रक हो या आटो, या फिर दोपहिया। शहर की सड़को पर दौड़ने वाले अधिकांश वाहनों से पीछे से गुजरना किसी खतरे से कम नही है। कारण सिर्फ ये नही है कि किसी भी वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है बल्कि अगर आपने सफेद कपड़े पहने है तो चंद मिनटो में ही वे मटमैले होकर भददे दिखने लगेगे। इसके अलावा आंखो में जलन पैदा करने वाला यह काला धुंआ आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से भी खतरनाक हो सकता है। यह काला धुंआ शहर में दौड़ने वाले वाहन छोड़ रहे है।



मिलावटी ईंधन की वजह से वाहनो में यह समस्या आम है।

### रोगियों के लिए जानलेवा

काले धुंए की वजह से श्वांस संबंधी बीमारियों का तेजी से संक्रमण होता है। दमा रोगी के लिये यह जानलेवा है। श्वसन तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। कैंसर, फेफड़ा संक्रमण जैसी अनेक बीमारियों का खतरा बना रहता है। लगातार संपर्क की वजह से नेत्र संबधी व्याधियां भी हो सकती है। चर्म रोग की संभावनाए बनती है। सिगरेट के धुंए से भी घातक प्रभाव पड़ता है। धुंए के प्रभाव से अन्य बीमारियो का प्रभाव तेज होता है।

उल्लेखनीय है कि एक तरफ तो ये वाहन मिलावटी डीजल पेट्रोल से चल रहे है दूसरी ओर अधिकारियों को इतनी फुर्सत नही कि वे वाहनों की जांच करे। इतना ही नही प्रदूषण बोर्ड को तो एक पूरा अमला ही इसके लिये तैनात किया गया है लेकिन वे कभी भी सड़को पर वाहनो के ईंधन की जांच करते नजर नही आते।

शहर में रोजाना बढ़ते वाहनों की संख्या और उनसे निकलने वाला जहरीला धुंआ आवोहवा को दूषित कर रहा है। इसका सीधा दुष्प्रभाव आम आवाम पर पड़ रहाह है। हैरानी की बात यह है कि हर बड़े या मझौले वाहन को साल में एक बार फिटनेस चैक कराने आना पड़ता है। 6 माह या साल भर के लिये परिहवन विभाग से फिटनेस भी जारी किया जाता है मगर वाहन जब फिटनेस के लिये जाता है तो सिर्फ नट बोल्ड चैक करके ही सर्टिफिकेट दे दिया जाता है।

### नहीं है मोबाइल वैन सुविधा

पेट्रोल पंपो में मिलावटी डीजल व पेट्रोल की सप्लाई रोकने बड़े शहरो में मोबाइल वेन चलती है। जो कम से कम 5 से 6 पंपो के बीच लगातार संपर्क में रहती है। जब कही किसी वाहन में धुंआ निकलते दिखे या फिर किसी वाहन चालक द्वारा मिलावटी ईंधन की शिकायत की जाती है तो तत्काल ही इनके द्वारा कार्यवाही की जाती है। लेकिन जिला मुख्यालय सहित उपनगरीय क्षेत्रो में इस तरह की सेवा संचालित नही हो रही है जिसके कारण कई पेट्रोल पंपो पर धड़ल्ले से मिलावटी ईंधन बेचा जा रहा है।

## ढीमरखेड़ा के 9 ग्रामों में लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर पी.एम.जनमन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के 9 ग्रामों में बैगा समुदाय के हितग्राहियों का शत- प्रतिशत आधार कार्ड बनाये जाने एवं आवश्यक सुधार हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार शिविर के दौरान हितग्राहियों एवं आवेदकों के आधार कार्ड बनवानें एवं आधार कार्ड अपडेट करने हेतु सुपरवाईजरों का डियुटी आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सोमवार 4 मार्च को ग्राम कोठी एवं हर्रई हेतु ग्राम पंचायत भवन कोठी में तथा ग्राम कारोपानी हेतु ग्राम कारोपानी में शिविर आयोजित किया जाकर हितग्राहियों को आधार कार्ड संबंधी सेवाएं प्रदान की गई। आयोजित शिविर के तरह 5 मार्च को ग्राम मझगवां, छीतापाल, करौंदी हेतु आंगनबाडी भवन मझगवां तथा ग्राम मारसिंहुड़ी एवं पाली हेतु ग्राम मारसिंहुडी में शिविर आयोजित किया जायेगा।

इसी तरह ग्राम खंदवारा हेतु 6 मार्च को ग्राम पंचायत भवन खंदवारा में ग्राम दियागढ़ हेतु आगनबाडी भवन दियागढ़ में तथा ग्राम झिर्री हेतु ग्राम पंचायत भवन झिर्री में 7 मार्च 2024 को शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर ने ऑपरेटर्स को नियत तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आधार कैम्प आयोजित करने तथा कैम्प मे हितग्राहियों का शत- प्रतिशत आधार कार्ड बनाने एवं सुधारनें हेतु निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह आज

**कटनी।** प्रदेश स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह आज 5 मार्च को लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में आयोजित होगा। 05 मार्च को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की उपस्थिति में वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावेगा, जिसमें प्लॉग रन, रोड स्वीपिंग, पार्कों, स्मारकों की सफाई की जावेगी। 05 मार्च को दोपहर 1 बजे से लाल परेड मैदान भोपाल से सीधा प्रसारण किया जावेगा। जिसका नगरपालिक निगम द्वारा ऑडीटोरियम बस स्टेण्ड में लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। स्वच्छता अभियान एवं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाओं को अपने मार्गदर्शन में पूर्ण कराने, रूपरेखा तय कर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने पवन कुमार अहिरवार, उपायुक्त नगर निगम को दायित्व सौंपे गये है तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को सौंपी गई संपूर्ण व्यवस्थायें समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये है।

### शिवधाम मंदिर में श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन

**कटनी।** शिवधाम मंदिर सुखीं पोंडी जलाशय मोड़ जुहला बाईपास के आगे अंबिका प्रसाद महाराज पुजारी शिवधाम मंदिर की प्रथम पुण्य स्मृति में महाशिवरात्री के पावन पर्व पर श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 1 मार्च से 8 मार्च 2024 तक जन सहयोग से चल रहा है। कथा वाचक शिवम गौतम हनुमानजी मंदिर, बरगवां के सानिध्य में प्रथम दिन शोभा यात्रा निकाली गई जो ग्राम जुहला एवं जुहली से प्रारंभ होकर शिवधाम मंदिर पहुंची। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, शिवपूजन, अभिषेक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इसके बाद कथा समय दोपहर 3बजे से 6 बजे तक होती है। श्रीमदभागवत कथा 7 मार्च तक चलेगी। 8 मार्च को शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक शिवमहात्म, शिव विवाह, हवन, पूर्ण आहूती के साथ 9 मार्च को विशाल भण्डारे के साथ श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का वैदिक एवं सनातन रीति रिवाज से समापन किया जावेगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालू भक्तजनों से अनुरोध है, कि अधिक से अधिक संख्या में भक्तगण पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करते हुए अपने जीवन को सफल बनाये।

### विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक के सहयोग हेतु विधानसभावार संभागीय लेखाधिकारियों को सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया जाकर अधिकारियों को व्यय प्रेक्षक के सहयोग हेतु आयोग के निर्देशानुसार समस्त कार्य समय-सीमा में किये जाने हेतु आदेशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 91 बडवारा हेतु संभागीय लेखाधिकारी चिराग तोमर कार्यपालन यंत्री एनबीडीए को नियुक्त किया गया है। जबकि लोकसभा क्षेत्र खजुरहों की विधानसभा विजयराघवगढ हेतु जीवन सिंह कार्यपालन यंत्री दांयी तट नहर क्रमांक 5, विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा हेतु राघवेन्द्र सिंह कार्यपालन यंत्री एनबीडीए को तथा बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र हेतु आशुतोष रंजन कार्यपालन यंत्री एनबीडीए को नियुक्त किया है।

### युवक की थमी सांसें

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार सतीष पाण्डेय पिता रामलाल पाण्डेय 27 निवासी अमरैयापार थाना कैमोर की जहर के सेवन से मौत हो गई है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की अज्ञात कारण युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार देवेंद्र उर्फ बन्दी पटेल 35 निवासी महगवां थाना बहोरीबंद की मौत हो गई है।

---

फसलों की क्षति का सर्वे करने राजस्व और कृषि विभाग की टीम को दिये निर्देश

# ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों के खेतों में पहुंच कर कलेक्टर ने फसलों का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बेमौसम बारिश एवं ओला वृष्टि के कारण संभावित प्रभावित फसलों का कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने सोमवार प्रातः तहसील बड़वारा के ग्राम भदौरा सहित तहसील बरही के ग्राम खन्ना बंजारी एवं हथेड़ा पहुंचकर निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने ग्राम हथेड़ा में करीब 2 किलोमीटर तक खेतों की पगडंडियों और मेढ़ों पर चलकर, कटीली झाड़ियों से बचते बचाते यहां के कृषक नत्थू सिंह मरावी एवं मदन सिंह के खेतों का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया की ओलावृष्टि के कारण चने के फूल झड़ गए है। जबकि गेहूं की फसल में नुकसान नही हुआ है पर पकने के बाद गेहूं के दाने पतले निकलेंगे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय निवासी राजेश तिवारी भी मौजूद रहे। हथेड़ा निवासी किसान धनपत और गोविंद ने कहा की बागवानी, सब्जी भाजी,टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचा है। धनपत ने ओला गिरने से टमाटर फटकर बिखरने की जानकारी दी। यहां से आगे निकलने पर ग्रामीणों के तीन चार लोगों के समूह ने हाथ देकर गाड़ी रोकने की गुजारिश की इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने गाड़ी रुकवाई । कलेक्टर ने भी किसानों को निराश नहीं किया उन्होंने पूछा की कितना नुकसान हुआ है। फिर कहा की आपका खेत कहां है। इस पर बात करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद दिनेश कचेर, अमृत लाल और दादू राम के खेत पहुंचे। यहां सरसों की फसल पक चुकी थी। मौके पर मौजूद उपसंचालक कृषि ने किसानों को समझाइश दी की सरसों की फसल को तत्काल कटाई कर लें नही तो धूप तेज होने पर इसकी फलियां चटककर बिखरने लगेंगी।

कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति का सर्वे करने राजस्व और कृषि विभाग की टीम गांव में पहुंचेगी। जिला प्रशासन द्वारा फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को फसल नुकसानी का मुआवजा दिलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एस डी एम श्री महेश मंडलोई, तहसीलदार बरही नितिन पटेल,अधीक्षक भू अभिलेख डॉ.राकेश कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

---



# प्रतियोगिता के अंतिम दिन आरव ने जीता प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में फाइलेरिया हाथी पांव की बीमारी के प्रति जन जागरूकता अभियान मे जिले के नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश में फाइलेरिया से संबंधित रोचक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का 1 मार्च 2024 तक अभिनव नवाचार किया गया। रोजाना पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने वाली इस प्रतियोगिता को काफी आकर्षक व ज्ञानवर्धक और रोचक बनाया जाकर रोजाना के विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता के अंतिम दिवस शुक्रवार 1 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कटनी निवासी आरव लुहार ने जीता। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर देवरी मंगेला निवासी रश्मि कुजुर ने जीता वहीं तृतीय स्थान पर निगई पोस्ट सिलौंडी निवासी लक्ष्मी नामदेव रहीं। शुक्रवार को आयोजित अंतिम दिवस की क्विज के विजेता प्रतिभागियों को सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा शुभकामनाएं दी गई। गौरतलब है कि फाइलेरिया क्विज प्रतियोगिता 10 फरवरी से शुरू हुई थी जो 1 मार्च तक आयोजित की गई। जिलेवासियों ने इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूकता का परिचय देकर सामाजिक सरोकारों के प्रति सहभागिता का परिचय दिया।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने फाइलेरिया हांथीपांव की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक, सावधान और सतर्क करने के क्षेत्र मे कार्य करने की अपील की है ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

---

*7 हजार से अधिक पुस्तकें व 10 हजार डिजिटल पुस्तकें रहेंगी उपलब्ध*

# सवा करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने नगर निगम ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयासों में नगर निगम कटनी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी भी कदम से कदम मिलाते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद की कल्पना को साकार रूप प्रदान करने में जुट गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रयासों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए के सी एस स्कूल में सवा करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त ई लाइब्रेरी बनाने के लिए नगर निगम की तरफ से स्वीकृति प्रदान की है।

कलेक्टर श्री प्रसाद एवं महापौर श्रीमती सूरी के प्रयासों से कटनी नगर मे अत्याधुनिक सुविधायुक्त ई- लायब्रेरी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जिला खनिज प्रतिष्ठान की न्यास मण्डल की बुधवार को आयोजित बैठक में




पुस्तकालय मद के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी को ई- लायब्रेरी की स्थापना एवं संचालन हेतु एक करोड़ 20 लाख रूपये की राशि सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

के.सी.एस स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ई- लायब्रेरी के बनने के बाद जिले के युवाओं को सर्व सुविधायुक्त लायब्रेरी की सौगात मिलेगी। इस लायब्रेरी में ज्ञानवर्धक पुस्तकों के साथ – साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें और साहित्य उपलब्ध रहेंगे।

इस डिजिटल लायब्रेरी में सौ छात्र एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। सौर ऊर्जा चालित पावर सप्लाई वाली ये लायब्रेरी पूर्णतः एयर कंडीशन सुविधायुक्त रहेगी। इसका भवन फायर सेफ्टी सुरक्षा उपकरण से लैस और भवन इको फ्रेंडली होगा। यहां 7 हजार से अधिक पुस्तकें, आडियो बुक और दस हजार से अधिक डिजिटल पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

इस अत्याधुनिक लायब्रेरी के ग्राउण्ड एरिया में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान रहेगा। प्रथम तल और द्वितीय तल प्रत्येक का कारपेट एरिया 2402 वर्ग फिट रहेगा। जबकि तृतीय तल का कारपेट एरिया 2029 वर्गफिट रहेगा। जिसमे 54 व्यक्तियो के एक साथ बैठने की सुविधा रहेगी। नगर को ई लाइब्रेरी प्रदान कराने के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा किए गए प्रयासों को अमली जामा पहनाते हुए शहर विकास के उनके हर सपने को साकार करने में हर संभव मदद देने की बात कही है।

---

## खाद्य विभाग की टीम में रेस्टोरेंट में किया निरीक्षण



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मैहर रोड कटनी स्थित वेसाइड रेस्टोरेंट के किचन एवं स्टोर का निरीक्षण किया गया ।लाइसेंस की शर्तो के तहत वाटर टेस्टिंग ,फूड टेस्टिंग रिपोर्ट ,कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस ,पेस्ट कंट्रोल रिकार्ड का मुआयना किया गया। रेस्टोरेंट में उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता जांच हेतु पनीर,चावल, दाल,आटा,तेल,सौंफ,गुड के नमूने लिए गए हे ।जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हे ।रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जायेगी।

---

जगन्नाथ चौक से घंटाघर पहुंच मार्ग भी शीघ्र बनेगा, सांसद करें भूमिपूजन

# महापौर ने वीर सावरकर वार्ड में 64 लाख के विकास कार्यो की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, स्थानीय पार्षद राजेश भास्कर की उपस्थिति में वीर सावरकर वार्ड में लगभग 64 लाख से अधिक लागत से विभिन्न स्थानों में सीसी नाला निर्माण विकास कार्य का भूमि पूजन वार्ड के वरिष्ठ गंगाराम कोष्टा से करवाया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नगर के लिए लगातार एक के बाद एक सौगातें दी हैं,और निरंतर विकास कार्य एवं नगर के हित में प्रयासरत दिखाई दे रही है।

उन्होंने यह बताया हमारे शहर की गंभीर जटिल समस्या जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग भी जल्द ही बनने जा रहा है जिसका भूमि पूजन हमारे सांसद प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा द्वारा किया जाएगा

इस दौरान एमआईसी मेंबर बीना बैनर्जी,सुभाष साहू, जयनारायण निषाद,शशिकांत तिवारी, पार्षद सचिन बहरे,पूर्व पार्षद राजू माखीजा, उपयंत्री अश्वनी पांडे, ठेकेदार नाजु भाई, सचिन चामलारे, संदीप कोस्टा, प्राण निषाद, घनश्याम रजक,आर एन सोनी, शिव पांडे, राजीव भास्कर,संजय पांडे, नवीन भसीन ,गोपाल अग्रहरि ,छोटू वर्मा, संजय गुप्ता ,अरविंद अग्रहरि ,राजेंद्र गौतम वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति रही।

---

*कलेक्टर के निर्देश के बाद राजस्व व कृषि अमल ने किया भ्रमण*

# ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का जायजा लेने खेतों में पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कर जायजा लेने सोमवार की सुबह 7 बजे से ही कृषि एवं राजस्व अमला खेतों में पहुंचा। कलेक्टर स्वयं भी बरही तहसील के गांवों के खेतों के भ्रमण पर हैं।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के मैदानी अमले को बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त और प्रभावित फसलों का पूरी प्रामाणिकता और ईमानदारी के साथ सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे भी किसानों से मिलें और खेतों में जाकर क्षति का जायजा लें।

इधर कलेक्टर के निर्देश के बाद



तहसीलदार बरही खन्ना, बरगवा, लुरमी गांव सुबह ही पहुंच गए। । विजयराघवगढ़ के तहसीलदार बी के मिश्रा ने तहसील विजयराघवगढ़ अंतर्गत समस्त राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बताया कि 6 ग्राम हथेडा, भैसवाही, कारीतलाई, लखनपुरा, कुशमा एवं रोहनिया में प्रारंभिक तौर पर फसल क्षति होने की खबर मिली है। तहसीलदार श्री मिश्रा,आर .आई. ,पटवारी के साथ सोमवार की सुबह खेतों में पहुंच गए। उन्होंने किसानों के साथ असामयिक वर्षा एवं ओलिवृष्टि से संभावित फसल क्षति का मौका मुआयना किया । ग्रामीणों ने बताया कि यहां चने के साइज के ओले गिरे हैं ,साथ ही हल्का- फुल्का पानी गिरा है ।

### खेत पहुंचकर लिया जायजा

वहीं तहसीलदार बरही ने हल्का पटवारियों से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बताया कि बरही, बुजबुजा, लुरमी, बनगंवा, खन्ना, झिरिया, सिरोंजागडरिया, सिमरियासानी ग्राम में ओले गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। वे खुद गांवों में पहुंच कर जायजा ले रहे हैं। ग्राम और भी सर्वे अमला पहुंचा जहां हल्की बारिश होने और फसलों को कोई नुकसान नहीं होने की जानकारी किसान भाइयों द्वारा दी गई।

---

"ओम" से करते है अभिवादन, कलेक्टर ने छात्रों के साथ की प्रार्थना

# सिमरिया सानी स्कूल : जहां शिक्षा के साथ लगती है संस्कारों की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम पंचायत सिरौंजा गड़रिया के ग्राम सिमरियासानी स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल किसी भी मायने मे शहर के प्रायवेट स्कूलों से कम नहीं है। जिले के अन्य स्कूलों को इस स्कूल से सीख लेना चाहिए की कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर कार्य किया जा सकता है। यहॉ शिक्षा के साथ- साथ संस्कारों की पाठशाला लगती है। यहॉ आने वाले हर आगन्तुक का अभिवादन मे छात्र ओम बोलते है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के अभिवादन भी छात्रों ने ओम बोलकर किया। दरअसल ओलावृष्टि और बैमोसम बारिश से हुई फसल क्षति का जायजा लेकर




वापस लौट रहे कलेक्टर श्री प्रसाद को स्कूल के बाहर बच्चे पक्तिबद्ध हो प्रार्थना करते दिखे। बस फिर क्या था कलेक्टर ने भी छात्रों के बीच प्रार्थना सभा मे खडे होकर हाथ जोड़कर छात्रों के साथ प्रार्थना की।

सिमरिया सानी की स्कूल की कक्षा की दीवारें शिक्षाप्रद कलात्मक पेंटिंग और छात्रों द्वारा हस्तनिर्मित कलाकृतियों से सजी है। जो छात्रों को पढ़ाती प्रतीत होती है। यहां सीरेंज द्वारा बच्चों को गिनती, गुलदस्ते के माध्यम से अक्षर, प्राचीन भारतीय मुद्रा, अशोक चक्र द्वारा प्रहर पथ का अर्थ, सीरेंज नीडल और टायर के माध्यम से अंग्रेंजी वर्णमाला के अलावा पत्थरों से छात्रों ने आकर्षक सीनरीज बनाई है। इसके अलावा खराब गेंदों को काटकर पौधों के गुलदस्ते तैयार किये है। स्कूल में वेस्ट से बेस्ट चीजें तैयार की गई है। और तो और हस्तनिर्मित कैलेण्डर और प्लास्टिक की खराब हो चुकी ट्रे मे छात्रों द्वारा महा पुरूषों के चित्र, पर्यावरण व विज्ञान की जानकारी देते चार्ट भी बनाये गए है। जिन्हे देखकर कलेक्टर अवि प्रसाद खासे खुश हुए। कलेक्टर ने छात्रों के साथ प्रार्थना गीत गाया। सुबह -सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु करते है हम शूरू आज का काम का काम प्रभु.......... की प्रार्थना समाप्त होने के बाद सभी ने सस्वर ओम का निनाद किया।

### कलेक्टर ने दी सौगात

स्कूल के पुस्तकालय की पुस्तकों को व्यवस्थित रखने कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहॉ अलमारी देने और और स्कूल की बउण्ड्रीवाल का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने एस.डी.एम महेश मंडलोई को निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्कूल की पक्की बाउन्ड्रीवाल बनवाने का ग्रामीण और शिक्षकों को भरोसा दिलाया।

स्कूल को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों और अध्यापकों की मेहनत रंग लाई। स्कूल भवन के रंग रोगन, बच्चों के लिए साफ पानी की व्यवस्था तथा बाथरूम का इंतजाम परिसर में है।

### परिसर की बदली सूरत

प्रधानाध्यापक इन्द्रभान निगम बताते है कि सिमरिया सानी स्कूल में 3 रेगुलर और 3 अतिथि शिक्षक शिक्षक पदस्थ है। सभी के सहयोग और मेहनत से स्कूल परिसर मे पौधा रोपण किया गया है। जिसमें सुगंधित और सजावटी पौधे लगे है। बास की बाउण्ड्रीवाल बनाकर पौधों की सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। साथ ही प्लास्टिक के कचरे के निपटान के अलावा सूखे और गीले कचरे के निपटान हेतु अलग-अलग डस्टबिन रखे है।

---

# पीरबाबा में सालाना उर्स का 7 दिवसीय आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कौमी एकता की मिसाल हजरत इत्रशाह दाता चिश्ती र.अ. पीरबाबा का सालाना सात दिवसीय उर्स गद्दी नशींन हज़रत सैय्यद फहीम अशरफ़ साहब की सरपरस्ती शुरू हो चुका है। पीर बाबा की उर्स की तैयारियों का गक्त दिवस जिला प्रशासन व पुलिस प्रसासन की टीम ने जायजा लिया।

उल्लेखनीय है की कटनी निवार नदी के मुहाने में बसे कौमी एकता की मिसाल बन पीरबाबा उर्स में बड़ी संख्या ने देश भर से जायरीन शिरकत करते है।

कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू ने बताया बाबा का सालाना उर्स जो लगभग 100 सालों से भी ज्यादा समय से आयोजित होता आ रहा है उर्स मेले में देश भर सभी धर्मों के लोग हिस्सा लेते है। और नामचीन कब्बाल बाबा की शान में अपने कलाम पेश करते है। परचम कुशाई से सात दिनों तक चलने बाले उर्स का आगाज हो चुका है।

### 10 मार्च तक कार्यक्रम

आज 5 मार्च को मिलाद शरीफ, 6 मार्च को मूसल मजार शरीफ, 7 मार्च को चादर शरीफ का जुलूस शाम 4 शहर में निकाला जाएगा। बाबा की शान में देश के नामचीन कब्बाल कलाम पेश करेंगे। 8 मार्च को देश के मशहूर कव्वाल गुलाम वारिस, मशहूर कव्वाल साकिब अली साबरी एवं मशहूर कव्वाल मत्तीन इत्रशाही द्वारा एवं 9 मार्च को मशहूर कव्वाल अनीस साबरी एवं मशहूर कव्वाल जावेद हुसेन द्वारा कव्वाली का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 10 मार्च को दिन में महफ़लि ए समा का कार्यक्रम कव्वाल जावेद हुसैन द्वारा किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## मडियादो में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार पुलिस विभाग द्वारा पुलिस थानों में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में पुलिस थाना मड़ियादो में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीओपी हटा नीतेश पटेल, मड़ियादो थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से कई बिंदुओं पर चर्चा की। एसडीओपी श्री पटेल ने ग्रामीणों, व्यापारियों से सायबर क्राइम से बचने के तरीके और सावधानियां बताई, मैरिज गार्डनों में गलत पार्किंग और हर्ष फायर नही करने की भी लोगो से अपील की। साथ ही आमाजन से यातायात नियम पालन, व्यापारियों से दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मड़ियादो, घोघरा, निवास, मलवारा, पाली, काईखेड़ा, मादो सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

# लोकसभा निर्वाचन के दौरान विस क्षेत्रवार बल्नेरेबिलिटी मेपिंग की जाये : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लोकसभा निर्वाचन के दौरान विधानसभा क्षेत्रवार बल्नेरेबिलिटी मेपिंग की जाये और मतदान केन्दों को चिन्हित कर विधानसभा निर्वाचन में लगे हुये अधिकारियों को ही लोकसभा निर्वाचन 2024 में सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया जाये, यह कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाये। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आवश्यकतानुसार वाहन का आकंलन कर पूर्ण तैयारी की जाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) की संयुक्त बैठक के दौरान दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अनुविभागीय अधिकारी



(राजस्व) तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मौजूद रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने निर्देश दिये संपत्ति विरुपण हेतु टीमों का गठन अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। रुट चार्ट वही होगें जो विधानसभा निर्वाचन के समय थे, परन्तु सभी अधिकारी एक साथ बैठक कर, मतदान केन्द्रवार रुट चार्ट देख लें, यदि किसी रुट को बदलना आवश्यक हैं तो विधिवत कार्यवाही करते हुऐ, रुट बदले जा सकेंगे ।

पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने कहा एस.पी.ओ. को नियुक्त कर लिया जाये, ताकि बाद में कुछ समस्या ना हो और आवश्यकतानुसार चयनित एस.पी.ओ. को प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जा सके। उन्होंने कहा एस.पी.ओ. सेक्टरवार नियुक्त किये जायें। राजस्व एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विधानसभा निर्वाचन में जो नाकों का निर्धारण किया गया हैं, उन्हें वैसे ही लगाया जाये। आवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने कहा मतदान केन्द्रों की लोकेशन हेतु पुलिस अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी एक साथ बैठक कर चर्चा कर लें। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु आने वाले पुलिस बल को कहां ठहराया जायेगा, इसके लिए स्थानों को चिन्हांकन कर लिया जाये। सभी अधिकारियों को छात्रावासों की सूची उपलब्ध कराई जायेगी, छात्रावास जाकर देखें और पुलिस बल को ठहरने हेतु स्थानों का चयन कर लिया जाये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा एस.एस.टी./ एफ.एस.टी. टीमों को विधानसभावार लगाया जायेगा, गठित टीमों को आवश्यक रुप से प्रशिक्षण प्रदाय किया जाये।

## सारे काम छोड़कर प्रभु का स्मरण करना चाहिए : पं. विपिन बिहारी



**हटा।** अगर मनुष्य जन्म मिला है तो भगवान की कथा को श्रवण करो और उसको आत्मसात करें संसार में सारे काम छोड़कर कुछ समय प्रभु के स्मरण में लगाएंगे तभी हमारा उद्धार हो सकता है उक्त उद्गार अजब धाम फतेहपुर में आहुत जय जय सरकार वार्षिक महोत्सव के दौरान श्रीमद् भागवत कथा में विपिन बिहारी महाराज जी के द्वारा व्यक्त किए गए हैं बुंदेली में कथा के लिए प्रसिद्ध महाराज जी के द्वारा कहा गया कि हमारा मन चक्र की तरह घूम रहा है और वह चलायमान है इसलिए हमें प्रयास करने के बाद भी शांति नहीं मिल पाती है इसलिए अगर हम कथा सुनते हैं तो उसमें हमारे मन को एकाग्र करने का प्रयास किया जाना चाहिए कथा में कहा गया कि मन की शुद्धि अगर करना है तो उसके लिए सत्संग की आवश्यकता है। कथा आयोजन के प्रथम दिवस में एक शोभायात्रा अजब धाम के विभिन्न मार्गो से होकर निकल गई जिसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत सत्कार किया।

### स्थाई कर्मी एवं लाख दैनिक वेतन भोगी सरकार की नीतियों से है नाराज

## दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मियों ने बनाई विरोध की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासन के विभिन्न विभागों में 480000 से अधिक स्थाई कर्मचारी एवं 100000 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कार्यरत हैं जो पूरी ईमानवारी और निष्ठा के साथ नियमित कर्मचारियों के समान अपनी सेवाएं दे रहे हैं फिर भी अन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधा सरकार नहीं दे रही इस वर्ग के कर्मचारी सरकार से काफी नाराज है। क्योंकि इन कर्मचारियों को सरकार अभी तक सुविधाओं से भी वंचित रखे हुए हैं। यह मूलभूत कर्मचारी लगभग 20 से 25 वर्षों तक लगातार सेवा के बाद भी नियमित के समान सुविधाएं नहीं पा सके और ना ही इन्हें नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान का लाभ मिल रहा है यहां तक की सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट से इन कर्मचारियों को सुविधाओं और वेतनमान का नाम दिए जाने की निर्देश सरकार को दिए जा चुके है फिर भी सरकार इन कर्मचारियों के प्रति गंभीर नहीं है जिसका खामयाजा आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ सकता है यह कर्मचारी लगातार आंदोलन धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगे सरकार तक पहुंचाते रहे हैं लेकिन सरकार ने उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया है परिणाम स्वरूप प्रदेश भर के स्थाई कर्मी और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सरकार से खफा है। मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बब्लू ठाकुर ने प्रदेश सरकार से इन कर्मचारियों के हित में तत्काल निर्णय लेने और सुविधा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

### मांगे पूरी नहीं होने पर होगा प्रदेश व्यापी आंदोलन- बब्लु ठाकर

जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बब्लू ठाकुर ने मीडिया को बताया कि यदि लोकसभा चुनाव के पूर्व कर्मचारी संघ की मांगे पूरी नहीं जाती है तो प्रदेश व्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष शारदा से परिहार जी के नेतृत्व में सरकार को घेरने की तैयारी की जा रही है। आंदोलन की तैयारी हेतु जिला स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दमोह जिला की बैठक संपन्न हुई है और आंदोलन की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई है। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बब्लू ठाकुर उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, संतोष खरे, रानू यादव, विनय मिश्रा, संदीप मिश्रा, रुपनाराण विश्वकर्मा, कीरत ठाकुर, लखन यादव आदिम जाती, दुर्जनलाल विश्वकर्मा, देवी सींग, मुलचंद्र अठया, विजय सींग गोड, प्रलाद अहिरवाल, कमोद गौड़, देवेन्द्र चौबे, मनवहोरी काठी ने भी अपने विचार रखें तथा संगठन की सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रॉयल क्लब पटेरा ने जीता किक्रेट टूर्नामेंट

**पटेरा।** क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन पटेरा नगर में किया जा रहा है जिसका फाईनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाईनल मैच रॉयल क्लब पटेरा और एन एस क्लब हटा के बीच खेला गया। रॉयल बॉयज टीम पटेरा ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 162 रन बनाए ठीक है। जवाब में हटा के द्वारा 139 रन बनाये। रॉयल वॉइस क्लब पटेरा ने इस मुकाबले को जीतकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया। मैन ऑफ द रहे नारायण मीणा ने दो विकेट लिए व 60 रन बनाए। विजेता टीम को 51हजार का पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी गई। वहीं उपविजेता टीम को 21हजार और ट्रॉफी दी गई। फाईनल मैच में अतिथि के रूप में वीरेंद्र ताम्रकार , महेश ताम्रकार, विक्की ताम्रकार, विश्व सोनी, अभिषेक सोनी, दीपक ताम्रकार, निलेश ताम्रकार, राजुल सर्जन, कलीम खान, शिवम, रवि छोटे राजा आदि रहे।

## साहू समाज की बैठक आयोजित



**दमोह।** नगर साहू समाज द्वारा माँ कर्मा देवी जयंती समारोह मनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमे समाज के सभी बरिष्ठ नागरिग एवं युवा साथी सम्मलित रहे, माँ कर्मा देवी जयंती समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मनाया जायेगा सुबह 8 बजे माँ कर्मा देवी जी पूजा और हवन का आयोजन होगा इसके बाद शोभायात्रा नगर साहू समाज धर्मशाला से प्रारम्भ होकर घंटाघर, टाकीज चौराहा, सिटीनल, महाकाली चौराहा होते हुए साहू धर्मशाला बढ़ापुल मे समापन होगा। 12 बजे साहू समाज के गौरव 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को मेरिट के आधार पर प्रसास्ती पत्र एवं उपहार से सम्मानित किया जायेगा एवं 1 बजे से माँ कर्मा देवी प्रसाद का भंडरा का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे साहू समाज के नगर अध्यक्ष कल्पित साहू, विक्रम साहू, उमेश साहू, राजीव साहू, बलराम साहू, अनुराग साहू, गुड्डा साहू, गया साहू, रिंकेश साहू, राम साहू, शरद साहू, अभिषेक साहू, नवल साहू, अभिषेक साहू, परसोत्तम साहू, रितेश साहू, रमेश साहू, निलेश साहू, छोटू साहू एवं बड़ी संख्या में समाज की उपस्थिती रही। अंत मे सौरभ साहू द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## विश्व श्रवण दिवस पर लोगों को किया जागरूक

हटा। श्रवण इंद्रिय कान हमारे शरीर की एक महत्वपूर्ण ज्ञानेंद्रिय है, आज के ध्वनि प्रदूषण वाले माहौल तथा अत्यधिक मोबाइल के प्रयोग से कानों की सुनने की क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसी को बताने के लिए विश्व श्रवण दिवस 3 मार्च पर एक प्रभावी संदेश सिविल अस्पताल हटा के सीबीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव द्वारा अस्पताल में आए



मरीजों तथा उनके परिजनों को दिया गया। उन्होंने बताया कि तेज ध्वनि, डीजे, लाउडस्पीकर अत्यधिक कोलाहल वाली मशीनरी तथा कानों में अधिक देर तक मोबाइल की लगने वाली ईयर फोन धीरे-धीरे हमारे कानों की सुनने की क्षमता को कम एवं समाप्त कर रहे है। गंदे पानी वाले तालाबों में नहाना,असुरक्षित तरीके से कान साफ करना जैसे माचिस की तीली या नुकीली वस्तुओं से कान कुरेदना,कान का बहना या कान से मवाद आना यह श्रवण शक्ति को नष्ट करने वाले गंभीर लक्षण है। जिन पर तुरंत ध्यान देकर नाक कान गला विशेषज्ञ को तुरंत दिखाना चाहिए। कुष्ठ रोग से संबंधित संभागीय कुष्ठ सलाहकार डॉ संजय कुमार अहिरवार द्वारा सिविल अस्पताल हटा का दौरा किया गया।प्रभारी एनएमए दशरथ प्रसाद तंतुवाय से कुष्ठ मरीजों की जानकारी तथा उनके उपचार एवं पुनर्वास एवं प्रभावी तरीके से इस रोग को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ सौरभ जैन,अरविंद नेमा श्रीमती अलका शिवहरे, बुद्धन लाल तंतुवाय,दशरथ प्रसाद कोरी, हरिशंकर साहू देवेंद्रसिंह ठाकुर आदि स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

## साहित्य परिषद दमोह की गोष्ठी संपन्न



**दमोह।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर कानेटकर भवन पलंदी चौराहा के सभा कक्ष मे आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को विन्यांजलि समर्पित करते हुए दमोह के साहित्यकारों कि काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता लेखक संघ दमोह के अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत जी ने की मुख अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रघुनंदन चिले जी ने सहभागिता की कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था अध्यक्ष आनंद जैन ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं डॉ प्रेमलता नीलम जी द्वारा सरस्वती बंदना से हुआ एवं आचार्य विद्यासागर जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर जी को समर्पित रचनाओं का पाठ किया गया एवं बसंत को समर्पित रचनाएं प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में शहर के जाने-माने साहित्यकार श्रीमती पुष्पा चिले, श्रीमती इंद्रजीत कौर और श्री पीएल शर्मा वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर नारायण सिंह, डॉ एन आर राठोर, डॉ गणेश राय, बीएम दुबे, पीएस परिहार, ओजेंद्र तिवारी, दिनेश राही बांदकपुर केके पांडे, रमेश तिवारी, बबीता चौबे, कृष्णा चौबे, श्रीमती मनोरमा रतले, मनीष रैकवार, भवानी रैकवार, नरेंद्र अर्जरिया, आराधना राय सहित शहर के अनेक साहित्यकारों की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का आभार सदन नेमा बांदकपुर ने माना। कार्यक्रम के अंत में दमोह में जन्मे तथा जिनका कार्य क्षेत्र जबलपुर रहा ऐसे साहित्यकार श्री राजकुमार तिवारी सुमित्र जी के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित की गई।

## बनवार पुलिस चौकी में हुआ जनसंवाद

**बनवार।** सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पुलिस की जनोन्मुखी भावना का परिचय देने और प्रदेश में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से डीजीपी के निर्देशानुसार नोहटा थाना की बनवार चौकी में जनसंवाद का



आयोजन किया गया। जिसमे थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। चौकी प्रभारी मनीष यादव ने व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुएं जन समस्याओं को जाना और साइबर क्राइम सहित यातायात व्यवस्था एवं अपराध पर अंकुश लगाने के लिए व्यापारियों से पुलिस की सहायता करने की अपील की। चौकी प्रभारी ने व्यापारियो से अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाने की बात कही। चौकी प्रभारी ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम से पुलिस और आमजन के बीच दूरियां कम होगी। कार्यक्रम में लोगो ने अपनी समस्याएं रखी ,जिनका आगामी दिनों में पुलिस के द्वारा निराकरण आश्वासन दिया गया । कार्यक्रम में चौकी प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में कही सट्टा चल रहा हो या फिर अवैध शराब बेची जा रही हो तो आप लोग अवगत करवाएं जिससे आसामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए अवैध धंधा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके।

## विश्व श्रवण दिवस पर जागरुकता के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में डॉक्टर अशोक बरोनीया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में अंतर्गत विश्व श्रवण दिवस के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण अंचल से आए लोगों को राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत श्रवण बाधित लोगों को इस परेशानी के लिए खुलकर बात करने एवं लोगों में जागृति हेतु विस्तार से जानकारी दी गई। कान एक अति संवेदनशील अंग है और आंख के समान ही महत्वपूर्ण ज्ञानेंद्रिय है जिस तरह आंख कमजोर होने पर लोग चश्मा तो लगा लेते हैं किंतु कम सुनाई देने पर हियरिंग एड यानी तेज सुनाई देने के लिए कान की मशीन नहीं लगाते। इसे एक सामाजिक



के बुराई से जोड़कर देखा जाता है। जिससे व्यक्ति स्वयं अपनी जिंदगी की गुणवत्ता को कम कर लेते करते हैं। जिस व्यक्ति को ठीक से सुनाई नहीं देता वह धीरे-धीरे आइसोलेट होता जाता है और डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। बच्चों में बधिरता की बहुत से कारण होते हैं जन्म प्रमुख रूप से सर्दी के कारण बार-बार कान में इन्फेक्शन होना कान का बहना कान में मेल का जमा होना अत्यधिक तेज आवाज का एक्सपोजर होना चोट के कारण अथवा एक्सीडेंट के कारण बहरापन आना मुख्य कारण है। नवजात शिशुओं में देर से बोलते या ना बोलने का एक प्रमुख कारण बहरापन होना ही है। जो दवाएं लंबे समय तक क्रॉनिक की बीमारी के लिए चलती हैं बेबी श्रवण क्षमता पर प्रभाव डालते हैं। जितनी जल्दी समस्या को पहचाना जाए उतनी जल्दी समस्या का निराकरण संभव है। अन्यथा इलाज के अभाव में सिर्फ एक पुनर्वास का ही विकल्प रह जाता है। बधिरता की जानकारी प्राप्त होते ही निकट के स्वास्थ्य केंद्र में जांच कर कर उपचार कराएं। आवश्यकता अनुसार जिला स्तर पर भेजा जाएगा। जिला चिकित्सालय दमोह में डॉक्टर सुधीर आर्य, डॉक्टर उदय भास्कर रेड्डी नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल शुक्ला पदस्थ हैं जिनके द्वारा उपचार हेतु उपलब्ध हैं। कान के सुनाई संबंधी जांच हेतु जिला स्तर पर ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटेल पदस्थ हैं। श्रवण क्षमता में 40% अधिक कमी होने पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से हियरिंग एड अर्थात श्रवण यंत्र पात्र हितग्राहियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। बी ई ई प्रमोद तंतु बाय द्वारा विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष में लोगों को जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया। इस कार्य शाला में डॉ. शिवांश अग्रवाल, डॉक्टर सत्यम राय, प्रदीप राही, मानवेंद्र राय, मुकेश तंतु बाय टीकाराम पटेल, सुरंजना परस्ते ,नईम खान शैलेंद्र बहादुर अहिरवार रामकिशन अहिरवार, विजय अहिरवार ,विकास तंतुबाय, हीरेन्द्र सरकार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नवीन शाखों का गठन कर, लोगों को जोड़ना हमारा लक्ष्य: राष्ट्रीय अध्यक्ष

### क्षेत्रीय अधिवेशन में मिलन की 40 शाखाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 का क्षेत्रिय अधिवेशन विरागोदय तीर्थ क्षेत्र पथरिया में जैन मिलन पथरिया के तत्वावधान में,40 शाखों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी शाखों के झंडा, बैनर बैंड बाजे के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण जैन चंदेरिया एवं मंत्री वीरां कविता ऋषभ जैन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय जी गुना, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर महेन्द्र जी ग्वालियर, राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर कमलेन्द्र जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विनय जी गुना की गरिमामयी उपस्थिति में एवं







सभी राष्ट्रीय ,क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ संपन्न हुआ। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन ,महावीर प्रार्थना एवं भगवानगंज सागर की वीरांगनाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पथरिया शाखा अध्यक्ष अतिवीर संजय जी कुबेर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण चंदेरिया द्वारा अतिथि परिचय दिया एवं आतिथ्य शाखा की सुन्दर व्यस्था की सराहना की।क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता जैन ने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी शाखाओं को वार्षिक प्रगति के आधार पर सम्मानित किया गया। जैन मिलन प्रमुख शाखा दमोह एवं महिला जैन मिलन कटरा सागर को सर्वश्रेष्ठ शाखा से पुरुस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष/मंत्री के साथ राष्ट्रीय ,क्षेत्रीय संयोजकों को भी स्मृति,माला, अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। भगवान महावीर स्वामी के 2550 वे निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य मे जारी पंचांग का विमोचन राष्ट्रीय अध्यक्ष के सानिध्य में किया गया। क्षेत्र द्वारा इस वर्ष 14 नवीन शाखा एवं 12 निष्क्रिय शाखा सक्रिय की गई , राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि शाखा सक्रिय करना ऐसा ही कार्य है जैसे मंदिर का जीर्णोद्धार करना हमारा लक्ष्य शाखा का गठन कर लोगों को जोड़ना होना चाहिए। और क्षेत्र क्रमांक 10 में शाखों का गठन कर भगवान महावीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया इस के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष/मंत्री को बधाई दी। उन्होंने फाउंडेशन ट्रस्टी बनाने पर भी अपनी बात रखी। राष्ट्रीय मंत्री वीर कमलेन्द्र जी द्वारा क्षेत्र की ओर से प्रस्ताव रखे जिसमें परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी की 18 फरवरी को समता पूर्वक समाधि एवं विनान्यजलि के रूप मे भारतीय जैन मिलन द्वारा एक दिन एवं एक ही समय पर 48 दीपों के साथ भक्तामर जी का पाठ किया जावे। सभी क्षेत्रों में वार्षिक अधिवेशन मार्च तक सम्पन्न होना चाहिये,सभी शाखाओं के निर्वाचन मार्च माह में संपन्न हो जावे ताकि अप्रैल में नया सत्र शुरू हो सके। कार्यक्रम में 40 से अधिक शाखाओं के 300 सेअधिक वीर - वीरांगनाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री वीरां कविता,अति वीरांगना नीता फट्टा,मंजू सेठ एवं आभार अध्यक्ष अतिवीर संजय जैन कुबेर,महामंत्री वीर संदीपजी पतंजलि, मीडिया प्रभारी वीर रोहित, बांसा क्षेत्रीय संयोजक वीर प्रदीप दबग्गर ने माना। जैन मिलन शाखा परिवार पथरिया के समस्त वीर सदस्यों एवम युवा वीर बंधुओं के साथ वीरांगनाओं की उपस्थिति मे कार्यक्रम सफल रहा।

## लाईनमेन दिवस मनाया

**तेंदूखेड़ा।** नगर के विजली कम्पनी कार्यालय में सोमवार को लाईनमेन दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओ ने बिजली के कार्यो में सावधानी रखने से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही लाईनमेन की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया एवं बिजली से सुरक्षा की विन्दुवार जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन जेई मोहम्मद फरीद अंसारी के द्वारा किया गया। ऐसे ही तेजगढ विजली वितरण केंद्र में जेई षिवदयाल अहिरवार के मौजूदगी में लाईनमेन दिवस मनाया गया। इस दौरान विजली विभाग का सम्पूर्ण स्टाप मौजूद था।

**खबर संक्षेप**

## पीजी कॉलेज में रेड रिबन क्लब के तहत कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉक्टर केपी अहिरवार के निर्देशन में तथा रेड रिबन कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर मीरा माधुरी महंत के प्रभार में इको क्लब एवं रेड रिबन के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण हेतु 24 राज्यों का भ्रमण साइकिल द्वारा कर जागरूकता फैलाने वाले स्वयंसेवी रोबिन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया कि सभी पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी को अन्य लोगों तक प्रसारित करें। कार्यक्रम में एसपी सिंह, एचआईवी एड्स काउंसलर नायक, कार्यक्रम की संयोजक प्रभारी डॉ मीरा माधुरी महंत, मंच संचालन कर्ता डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर जी.पी. अहिरवार, डॉ. ममता अवस्थी ,डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवार, अनिल जैन, मुनमुन सेन, सरिता सोनी सहित महाविद्यालय के इको क्लब एवं नस के वालंटियर और महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने बटियागढ़ जनपद कार्यालय में की कार्यवाही

# सरपंच पुत्र से 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों उपयंत्री को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में भ्रष्टाचारियों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं । पिछले दो महीने में लोकायुक्त द्वारा एक के बाद एक अनेक कार्यवाही रिश्वतखोरों के खिलाफ की गई है । वही अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम द्वारा एक भ्रष्ट उपयंत्री को एक सरपंच पुत्र से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने के बाद कार्रवाई की गई है। जबकि इस उपयंत्री का जोड़ीदार सहायक यंत्री बाल बाल बच गया। हालांकि उसकी भूमिका की जांच भी की जा रही है। दरअसल पकड़े गए उपयंत्री तथा बच गए सहायक यंत्री की जोड़ी पूरे क्षेत्र में एडवांस राशि लेने के बाद ही मूल्यांकन करने के लिए चर्चित थी। वही सरपंच पुत्र से रिश्वत मामले में उपयंत्री के पकड़े जाने तथा सहायक यंत्री के बाल बाल बच जाने को लेकर चर्चाओं का बाजार सरगर्म है।



जिसकी जल्द जानकारी सामने आने की उम्मीद की जा रही है। जानकारों का यहां तक कहना है कि यदि एक मस्टर भी डलता था तो उसका कमीशन भी यह नहीं छोड़ते थे वहीं क्षेत्र के एक बड़े नेता का इनको बदरहस्त प्राप्त था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर दमोह जिले के बटियागढ़ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंची आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सागर एव जबलपुर की टीम ने सयुक्त कार्यवाही की। इस दौरान जनपद पंचायत बटियागढ़ में पदस्त उपयत्री सीता राम कोरी को सरपंच पुत्र जितेंद्र ठाकुर से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रगे हाथो पकड़ा गया। दरअसल ग्राम पंचायत केथोरा में हुए नाली निर्माण कार्य के मूल्यांकन के बदले में सीताराम उपयंत्री ने नब्बे हजार रुपये की रिश्वत मागी थी। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत की महिला सरपंच के पुत्र जितेंद्र ठाकुर जोकि एक अन्य ग्राम पंचायत में सचिव भी है के द्वारा विजिलेंस जबलपुर सागर ईओडब्ल्यू को की गई थी। जिसके बाद जबलपुर से पहुंची टीमों ने अपना जाल बिछाते हुए जनपद पंचायत कार्यालय बटियागढ़ में रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 25000 लेते ही उपन्यत्री सीताराम कोरी को पकड़ने में देर नहीं की।

कार्यवाही करने वाली टीम में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सागर निरीक्षक श्रीमती उमा नवल आर्य, एस एस धामी निरीक्षक जबलपुर, सजय वेदियां निरीक्षक सागर, श्रीमती प्रेरणा पांडे निरीक्षक जबलपुर, श्रीमती सोनल पाडे उप निरीक्षक सागर, कु रोशनी सोनी सूबेदार सागर, अतुल पंथी एएसआई सागर, बृजेंद सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक,अफसर अली प्रधान आरक्षक, आशीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक, शेख नदीम आरक्षक जबलपुर आदि शामिल रहे।

## जो धर्म को छोड़कर जाता है उसे ठोकर अवश्य लगती है : पं.नीलमणी दीक्षित

**दमोह।** नरसिंहगढ़ के राममंदिर में चल रही संगीतमय श्री रामकथा के सातवें दिवस पं.नीलमणी दीक्षित ने कहा श्रोताओं का बताया रावण को रथ पर सवार और सुसज्जित शस्त्रों के साथ और रघुनाथ को बगैर रथ में देख विभीषण का धैर्य जाता रहा उनके हृदय में सन्देह हो गया तब वह भगवान श्रीराम को प्रणाम कर स्नेह से बोले कि हे नाथ न रथ नहीं तनु पद त्राना के हि विधि जीतव रिणु बलवाना, सुनहु सखा कह कृपा निधाना जेहि जय होय सो स्वंदन आना।। आप के पास रथ जूते कवच आदि कुछ भी नहीं है फिर बलवान शत्रु पर विजय कैसे पाओगे तब दयालु रामजी ने कहा कि हे मित्र विजय दिलाने वाला रथ दूसरा ही है ईश्वर भजन ही चतुर ही सारथी है इसी तरह वैराग्य ढाल संतोष तलवार दान फरसा बृद्धि प्रचण्ड शक्ति है और विज्ञान कठिन धनुष है संयम नियम ही अपने प्रकार के बाण है निर्मल स्थिर म नही तरकस है और बाहम्णों के चरणो का पूजन ही अभेद कवच है इनके सगान बिजय का अन्य उपाय नहीं है कथा संयोजक पूर्व विधायक अजय टंडन ने बताया कि पांच मार्च मंगलवार श्री रामकथा का समापन है रामकथा के पश्चात प्रसाद वितरण भी रखा गया अतः आखिरी दिवस धार्मिक लाभ लेंने के लिये रामकथा में अपनी उपस्थिति देवे।

## बाईक पर बोरियों में भरकर शराब ले जाते पुलिस ने पकड़ा



### आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

थाना प्रभारी रनेह प्रीति पाण्डे एवं उनके स्टाफ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एसडीओपी महोदय हटा के मार्ग दर्शन मे कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर एक होरी कंपनी की काले रंग की मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक की दो बोरियां रखे दिखे जिन्हें हमराही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ने पर दोनो व्यक्तियो से उनके नाम पता पूछने पर मोटरसाइकिल चलाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार पिता तुलईयां अहिरवार एवं पीछे बैठने वाले व्यक्ति ने अपना नाम लोकेन्द्र पिता जगत सिंह ठाकुर दोनो निवासी बिजवार का होना बताया। दोनो बोरियों को पृथक-पृथक चैक किये जाने पर दोनो बोरियो में कुल 330 पाव (करीबन 59 लीटर) प्लेन देशी शराब कीमती करीबन 23100/- रुपये पाये जाने से एवं दोनो व्यक्तियो मे से किसी के भी पास कोई वैद्य अनुज्ञप्ति संबंधी दस्तावेज ना होना पाये जाने से उनके द्वारा किया गया कृत्य आबकारी एक्ट की धारा 34(2) आब एक्ट के तहत दंडनीय होना पाया गया, जो कि दोनो आरोपियों के कब्जे से 330 पाव शराब एवं एक मोटर साईकिल जप्त कर सील बंद किये गये एवं आरोपी राजकुमार पिता तुलइयां अहिरवार उम्र 38 साल निवासी बिजवार व आरोपी लोकेन्द्र पिता जगत सींग ठाकुर उम्र 23 साल निवासी बिजवार थाना रनेह के द्वारा अपराध धारा 34(2) आब. एक्ट का घटित करना पाये जाने से मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त आरोपियो को गिरफ्तार किये जाने मे उपनिरीक्षक प्रीती पाण्डे सहा. उपनिरी. नंद गोपाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक 72 शिवराज लोधी, आर 147 धर्मेन्द्र सिंह लोधी, आरक्षक 714 ऋषिराज चौहान, आरक्षक 539 हर्षवर्धन पटैल, आरक्षक 347 नितेन्द्र, आरक्षक 716 नरेन्द्र प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ओलावृष्टि आंधी बारिश से किसानों की फसल बर्बाद तबाही का जायजा लेने खेतों में उतरे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

असमय बारिश और ओलावृष्टि आंधी तूफान की मार से बर्बाद हुई फसल का मुआयना करने के लिए जबेरा तहसीलदार और नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ खेतों में पहुंचे। उन्होंने मौके पर जाकर किसानों से बात करते हुए बर्बाद हुई फसलों का सर्वे भी किया । सर्वे में फसलों को हुए नुकसान का 20 से 25% आकलन किया गया है ।लेकिन किसानों का कहना है की कही कही तो दलहन फसलों की बर्बाद इस तरह से हुई है की चना मसूर में घेंटी ओले की मार से टूटकर जमीन में मिल गई है।वही गेंहू की फसल पूरी तरह से तेज हवाओं तूफान की मार से खेतों में बिछ गई और खेतों में एक बार गिरी फसल के द्वारा खड़ी होने के कोई आसार नहीं जिससे एक दाना गेंहू की उपज किसानों को मिलती नहीं दिख रही। किसान मलकान सिंह का कहना किसानों सैकड़ो एकड़



में खड़ी गेंहू की फसल तेज हवाओं के चलते जहां तक नजर जाती खेतों बिछी हुई दिखाई दे रही है। किसानों की उम्मीदों पर बे मौसम बारिश ओलावृष्टि पानी फेर दिया है। इस बार गेंहू की अच्छी खासी फसल खड़ी हुई थी चंद मिनिटों में आंधी तूफान वारिश ओलावृष्टि ने बर्बाद कर दिया है दलहन फसलों की स्तिथि की बात की जाए तो आई खड़ी फसलों पर बे मोसम वारिश ओलावृष्टि कहर बनकर टूटी है। पक्की खड़ी फसलों की घेंटी ओलावृष्टि की मार से खेतों टूटकर बिखरी पड़ी हुई है। खेतों कटाई के बाद पड़ी फसल मिट्टी में मिल गई है। बता दें रविवार की शाम घटेरा मनगुंवा रोड बनवार सगरा रिछई कठई हिनोती आजम बहेरिया लखनी क्छवारा सलैया लालूपुरा हिनोती ठेंगा पटी आसपास के इलाकों में चंद्र मिनट में बारिश आंधी ओलावृष्टि जमकर तबाही मचाई थी दर्जनों पेड़ बिजली पोल गिर गए यहां तक की घटेरा सागोनी रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से घंटो रेलवे ट्रेक बाधित रहा। यही हाल कुसमी लगे इलाकों का रहा जहां पर भी बे मौसम बारिश आंधी तूफान ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई जिसका ज्यादा लेने के लिए फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करने के लिए नायब तहसीलदार राजेश साहू कृषि विभाग राजस्व टीम के साथ रोड लखनी हिनौती सगरा रिछई कठई मनगुंवा घाट छापरवाह दर्जनों गांव के खेतों में उतरी है फसलों को हुए नुकसान का सर्वे किया है। जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास ने बताया पटवारी आर आई के द्वारा बनवार नोहटा सिग्रामपुर जबेरा चारो सर्किल में गांव गांव पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट मिलते ही फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति के लिए जो भी आकलन रिपोर्ट आती है उसके मुआवजा राशि की मांग शासन को भेजी जाएगी।

## एसएसटी एफएसटी की प्रत्येक विस में 3-3 टीमों का गठन किया जाये: कलेक्टर

**दमोह।** आगामी कुछ दिनों में लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचरण संहिता लगना संभावित है, जो भी कार्य सौपें गये है, उन्हें समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। एस.एस.टी/एफ.एस.टी. नोडल अधिकारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3-3 टीमों का गठन कर लें और 01 टीम रिजर्व में रखी जाये। गठित एस.एस.टी./एफ.एस.टी. को सबसे पहले प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक के दौरान दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल को नोडल अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि प्लान तैयार हो गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाली ने नोडल अधिकारी से कहा सामग्री वितरण/वापिसी के समय क्या-क्या सामग्री की आवश्यकता हैं, कौन-कौन सी सामग्री आयोग से प्राप्त होगी और कौन-कौन सामग्री का क्रय किया जाना ,इसका आंकलन जल्दी कर लिया जाये और सामग्री के संबंध यथोचित आदेश जारी किये जाये। उन्होंने सहायक नोडल अधिकारी मतदान दल गठन को निर्देशित किया जिन विभागों का डाटा फ्रीज नहीं हुआ हैं, उनके डाटा को फ्रीज कराया जाये। सहायक नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग, दमोह से 56 संकुलों का डाटा फ्रीज नहीं किया गया हैं, इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को निर्देशित किया गया कि एनआईसी से सूची प्राप्त करते हुये, दूरभाष पर चर्चा कर, डाटा को फ्रीज कराया जाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नोडल अधिकारी परिवहन व्यवस्था को निर्देशित करते हुए कहा विधानसभा अनुसार लगने वाले वाहनों का आंकलन कर लिया जाये, जैसे पूर्व में विधानसभा निर्वाचन में जितने वाहनों को लगाया गया था उसी के अनुसार गणना कार्य पूर्ण करें। ए.एम.एफ. नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि ए.एम.एफ. के संबंध में समस्त मतदान केन्द्रों में व्यवस्था कराई जाये और यह भी देखें कि जहाँ मतदान केन्द्रो में महिलायें निर्वाचन कार्य हेतु रुकेगीं, वहाँ पर संपूर्ण व्यवस्थायें कराई जाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लायजनिंग नोडल अधिकारी से कहा प्रेक्षक की बैठने की व्यवस्था सामाजिक न्याय के एक कक्ष में की जाये और कक्ष को तैयार करने हेतु पी.डब्ल्यू.डी. अधिकारी को निर्देशित किया गया ।

## ग्वारी घाट नर्मदा तट से बांदकपुर के लिए विशाल कांवड़ यात्रा शुरू



**बनवार।** सुबह नर्मदा पावन तट ग्वारीघाट से सैंकड़ों की संख्या में कांवड़ और भगवा ध्वज लिए कावडिये बांदकपुर धाम के लिए रवाना हुए। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ सोमवार सुबह पूजन अर्चन के बाद हुआ। चिलोद गांव के चिंतामणि संकट मोचन मंदिर से ग्वारी घाट मां नर्मदा तट कांवड़ यात्रियों की दशमी पद यात्रा है सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाशिवरात्रि के पर्व पर ग्वारीघाट से नर्मदा जल लेकर जागेश्वरधाम बांदकपुर पैदल पहुंच रहे हैं। इन कांवड़ियों की टोली में युवा, बुजुर्ग और बच्चे महिलाए सभी शामिल हैं जो 120 कि मी का लंबा सफर तय कर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर 7मार्च की शाम बांदकपुर पहुंचेंगे महाशिवरात्रि की सुबह जागेश्वरधाम के कपाट खुलते ही श्रद्धालु भगवान शिव को नर्मदा जल अर्पित करेंगे और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौटेंगे। , अवध बिहारी बृंदा विश्वकर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा का दशमा साल है जिसमें हर साल उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। जगह-जगह उनका स्वागत कि या जाता है और अन्य लोग भी उनके साथ हो जाते हैं जो भक्ति भाव का माहोल निर्मित होता है उससे इस दूरी का पता ही नहीं चलता।

## शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय जी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों को प्रथम क्रमन्नोति द्वितीय क्रमन्नोति समय मान वेतनमान एवं सांतबे वेतन के चौथी किस्त का एरियस 4 प्रतिशत डीए का एरियस अधिकांश संकुलो में संबंधित शिक्षकों को भुगतान नहीं किया गया है इस संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय जी से अतिशीघ्र आदेश जारी करवाने के लिए आग्रह किया। ज्ञापन में प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर, श्री ताहिर खान पीएमयूएम शिक्षक संघ के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष कैलाश असाटी, पीएमयूएम शिक्षक संघ के जिला प्रमुख मुकेश श्रीवास्तव, पीएम यूएम शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर, पीएमयूएम शिक्षक संघ के जिला सचिव अजय रोहित, पीएमयूएम शिक्षक संघ महामंत्री संजय गांगरा, नरेंद्र नामदेव, संजीव श्रीवास्तव, राम रतन अहिरवार, मयंक सोनी, प्रीतम कोष्टी, सुशील श्रीवास्तव, नारायण सिंह ठाकुर, नितेश सिंह, ज्ञापन में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों का पीएमयूएम शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन खरे ने आभार व्यक्त किया।



## विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में 102 मरीजों का किया परीक्षण

**दमोह।** जिला चिकित्सालय परिसर में मरीज साक्षी लोधी उम्र 16 वर्ष निवासी खोजाखेड़ी ने आज श्रवण कैम्प का शुभारंभ किया कैम्प में दीप प्रज्जवलन मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्सबेक एवम सिविल सर्जन डॉ राजेश नामदेव द्वारा किया गया। इस दौरान मरीज साक्षी लोधी के कान में सुनाई कम देने संबंधी समस्या को विशेषज्ञ डॉक्टर्स के द्वारा देखा गया। कैम्प में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल शुक्ला ,डॉ सुधीर आर्य,डॉ उदय भास्कर रेड्डी एवम ऑडियोलॉजिस्ट संदीप पटेल द्वारा भी सेवाएं दी गई। कैम्प में कुल लगभग 102 मरीजों का परीक्षण किया गया। इनमें 21 लोगो को माइल्ड , 5 को मॉडरेट हियरिंग लॉस, 9 को गम्भीर हियरिंग लॉस तथा 5 लोगो के पर्दे में छेद होना पाया गया है। सभी को हियरिंग ऐड यानी कान की मशीन प्रदान करने हेतु सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पास भेजा गया। डॉक्टरों द्वारा कान में इन्फेक्शन सम्बन्धी उपचार तत्काल प्रदान किया गया है। यह कैम्प प्रातः 10 से अपरान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया।

## महिला बाल विकास हटा टीम ने रुकवाया बाल विवाह

### बेटी के परिजनों को दी समझाइस

**मडियादौ।** जिले के ग्राम मड़यिादो में एक नाबालिग के विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग हटा के परियोजना अधिकारी शिवराय के मार्गदर्शन में टीम ने पहुंचकर मोटे महादेव मंदिर में नाबालिग बेटी के विवाह को रूकवाया। सेक्टर पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, के.के. अठ्या और टीम ने थाना प्रभारी मड़यिादो ब्रजेश पांडे के सहयोग से मन्दिर पंहुचकर बेटी के परिजनों को समझाया। मंदिर में चंदेना निवासी बेटी की शादी छतरपुर जिले के निवासी वर पक्ष के साथ हो रही थी, जैसे ही महिला बाल विकास को बाल विवाह होने की सूचना मिली टीम ने पुलिस की मदद से शादी रुकवाई। महिला बाल विकास टीम ने बधु और वर दोनों पक्षो को कम उम्र में शादी करने के दुष्प्रभाव और दुष्परिणाम बताए और दोनों की शादी बालिग होने पर ही करने के लिये प्रेरित किया। समझाईश के बाद दोनों पक्ष शादी नहीं करने पर राजी हुए। इस दौरान पुलिस और महिला बाल विकास ने पंचनामा कार्यवाही की। इस अवसर पर आरक्षक निशांत वैष्णव, शाहबाज खान और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

### राजाबंदी में मां सरस्वती की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का हुआ सम्मान समारोह

# अतिरिक्त कक्ष सहित हायर सेकेंडरी में उन्नयन का करेंगे प्रयास : विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं गत वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं सहित श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिलाने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन हटा विधानसभा क्षेत्र की लाडली विधायक उमा देवी खटीक के मुख्य अतिथि म् संपन्न हुआ। विशिष्ट तिथि बद्री पटेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, नरेंद्र बजाज हरिभूमि ब्यूरो चीफ, राजेश पटेल जनपद उपाध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप पटेल उपसरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि राजाबंदी ने की। सर्व प्रथम शास्त्री जी ने विधि विधान से मां वीणा वादिनी की प्राण



प्रतिष्ठा कराई। हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया तो वही पूजा पटेल ने बोलो जय सियाराम गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। एसडीमसी के सदस्य दिलीप पटेल ने विद्यालय को पीएम श्री बनाने की मांग विधायक उमादेवी खटीक से की तथा विद्यालय में दर्ज संख्या 235, कक्षाएं 4 एवं कक्षा तीन होने के कारण अतिरिक्त कक्ष की मांग की।यहां पर विधायक जी ने सहमति देते हुए कक्षा शीघ्र ही अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जाएगा। हाई स्कूल का उन्नयन कर हायर सेकेंडरी भी बनाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक उमा देवी खटीक ने बताया कि पिछले कार्यकाल में उन्होने माध्यमिक शाला का उन्नयन हाई स्कूल कराया था और अब इस कार्यकाल में हायर सेकेण्डरी में उन्नयन कराने का पूरा प्रयास करेगीं। पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल ने कहा कि शाला संचालन की प्रशंसा करते हुये छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। हरिभूमि ब्यूरो चीफ नरेंद्र बजाज ने कहा कि मां सरस्वती की स्थापना से विद्यालय में अच्छा वातावरण बनेगा, सदैव यहां मां की कृपा बनी रहेगी। विद्यालय प्राचार्य मुकेश गुर्जर के नेतृत्व में यह विद्यालय ऊंचाइयों को छू रहा है। यह विकासखंड का श्रेष्ठ विद्यालय है जहां अध्ययन के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जा रहे हैं मैं चाहता हूं यहां के बच्चे मेरिट में स्थान पे ताकि मैं आपके अखबार में उन्हें विशिष्ट जगह दे सकूं। कार्यक्रम को सावित्री उपाध्याय पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गंगाराम पटेल, मुलायम सिंह ने भी संबोधित किया। विधायक उमा देवी खटीक ने गत वर्ष श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लाने वाले शिक्षकों में कैलाश पटेल मनोहर पटेल, अमित अहीरवाल, शैलेंद्र चौबे के साथ दसवीं के टॉपर नेहा पटेल, अर्पित पटेल, प्रीति लोधी, योग में शानदार प्रदर्शन करने पर देवेंद्र रजक, पर्यटन क्विज में नीलम अर्पित, अभिषेक विशिष्ट टीएल एवं सामग्री बनाने पर अंशिका पटेल, संजू अहीरवाल, दिव्यांशी पटेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनीता, प्रियांशी खुशी, माही, दीपा,रेशमा, हेमलता के साथ सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कैलाश पटेल ने किया । आभार संस्था प्रचार मुकेश गुर्जर ने माना। इस अवसर पर भवानी पटेल, सुनील पटेल, बनी चौरसिया, अभिषेक सोनी सहित अनेक प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रकाश गुप्ता, मुलायम सिंह, श्री कटारिया, माधव पटेल, प्रमोद परोहा, निरंजन सिंह, जगदीश पटेल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सहित अनेक शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।